**31-01-2024**

# राष्ट्रीय शर्करा संस्थान द्वारा एनिमल केयर यूनिट की स्थापना की गई

दैनिक देश मोर्चा संवाददाता
मनी वर्मा




राष्ट्रीय शर्करा संस्थान, कानपुर द्वारा बेसहारा एवं असहाय पशुओं की देखभाल एवं उनको उचित आश्रय प्रदान करने हेतु एनिमल केयर यूनिट% की स्थापना की गयी है। यह एनिमल केयर यूनिट% संस्थान में रहने वाले पशुओं का डाटाबेस तैयार करने का कार्य करेगी। साथ ही इस यूनिट का यह दायित्व होगा कि सभी पशुओं का टीकाकरण हो गया है अथवा नहीं इसका रिकार्ड रखेगी एवं टीका न होने की दशा में उनके टीकाकरण की व्यवस्था में सहायता करेगी जो पशु पालतू नहीं है उनके लिए एक स्थान निर्धारित करते हुए यथासम्भव चारे अथवा खाने की व्यवस्था करने का भी प्रयास सुनिश्चित किया जायेगा संस्थान के निदेशक श्री नरेंद्र मोहन ने बताया कि एनिमल केयर यूनिट के अन्तर्गत संस्थान के कर्मियों एवं विद्यार्थियों का एक ÷एनिमल वेल्फेयर ग्रुप भी बनाया गया है जो कि इन सभी कार्यों में मदद करने के अतिरिक्त समय-समय पर सेमिनार आयोजित करेगा ताकि पशुओं पर होने वाली निर्दयता को रोकने संबंधी प्रावधानों से अवगत कराते हुए समाज के विभिन्न वर्गों को इस मुहिम में जोड़ सकें संस्थान के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी श्री बृजेश कुमार साहू ने बताया कि इस विषय पर एक कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गयी है जिसके अन्तर्गत पशु कल्याण विषय पर जागृति लाने हेतु अन्य संस्थानों को भी सम्मिलित किया



# राष्ट्रीय शर्करा संस्थान में हुई एनिमल केयर यूनिट की स्थापना

संवाददाता पंकज अवस्थी, सच की अहमियत

कानपुर। राष्ट्रीय शर्करा संस्थान, कानपुर द्वारा बेसहारा एवं असहाय पशुओं की देखभाल एवं उनको उचित आश्रय प्रदान करने हेतु एनिमल केयर यूनिट की स्थापना की गयी । यह एनिमल केयर यूनिट संस्थान में रहने वाले पशुओं का डाटाबेस तैयार करने का कार्य करेगी। साथ ही इस यूनिट का यह दायित्व होगा कि सभी पशुओं का टीकाकरण हो गया है अथवा नहीं इसका रिकार्ड रखे एवं टीका न होने की दशा में उनके टीकाकरण की व्यवस्था में सहायता करें। जो पशु पालतू नहीं है उनके लिए एक स्थान निर्धारित करते हुए यथासम्भव चारे अथवा खाने की व्यवस्था करने का भी प्रयास सुनिश्चित होगा। संस्थान के निदेशक नरेंद्र मोहन ने बताया कि एनिमल केयर यूनिट के अन्तर्गत संस्थान के कर्मियों एवं विद्यार्थियों का एक एनिमल वेल्फेयर ग्रुप भी बनाया गया है जो कि इन सभी कार्यों में मदद करने के अतिरिक्तसमय-समय पर सेमिनार आयोजित करेगा। ताकि पशुओं पर होने वाली निर्दयता को रोकने संबंधी प्रावधानों से अवगत कराते हुए समाज के विभिन्न वर्गों को इस मुहिम में जोड़ा जा सकें। संस्थान के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी बृजेश कुमार साहू ने बताया कि इस विषय पर एक कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गयी है जिसके अन्तर्गत पशु कल्याण विषय पर जागृति लाने हेतु अन्य संस्थानों को भी सम्मिलित किया जाएगा।

# एनएसआई में शुरू हुयी एनिमल केयर यूनिट

**कानपुर (एसएनबी)।** राष्ट्रीय शर्करा संस्थान, कानपुर में बेसहारा व असहाय पशुओं की देखभाल और उनको उचित आश्रय प्रदान करने के लिये एनिमल केयर यूनिट की स्थापना की गयी है। यह एनिमल केयर यूनिट संस्थान में रहने वाले पशुओं का डाटाबेस तैयार करेगी। साथ ही एनिमल केयर यूनिट का दायित्व होगा कि सभी पशुओं का टीकाकरण हो गया है या नहीं, इसका रिकॉर्ड रखेगी और टीका न होने की दशा में उनके टीकाकरण की व्यवस्था भी करेगी। जो पशु पालतू नहीं हैं, उनके लिये एक स्थान निर्धारित करते हुए यथासम्भव चारे या खाने की व्यवस्था करने का प्रयास भी किया जायेगा।

संस्थान के निदेशक प्रो.नरेन्द्र मोहन ने बताया कि एनिमल केयर यूनिट के अंतर्गत संस्थान के कर्मियों और विद्यार्थियों का एक एनिमल वेलफेयर ग्रुप भी बनाया गया है, जो कि इन सभी कार्यों में मदद करने के अलावा समय समय पर सेमिनार आयोजित करेगा ताकि पशुओं पर होने वाली निर्दयता को रोकने सम्बंधी प्रावधानों से अवगत कराते हुए समाज के विभिन्न वर्गों को इस मुहिम से जोड़ सकें। वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी बृजेश कुमार साहू ने बताया कि इस विषय पर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गयी है। जिसके तहत पशु कल्याण के लिये जागृति लाने के लिये अन्य संस्थानों को भी शामिल किया जायेगा।